चित्र (1) आनाय जालों की पकड और प्रति घंटे पकड के बीच का संबंध दिखाता है। 1987-91 की अवधि में प्रति घंटे की पकड प्रायः उच्च थी (लगभग 92 कि ग्रा)। औसत अवतरण 2002-2006 की अवधि में अधिकतम (4,065 टन) था। लेकिन आनायक एककों का प्रचालन कम होने के कारण उस स्तर तक का विदोहन साध्य नहीं हुआ था। 2002-06 की अवधि में बहुदिवसीय आनायन देखा गया था। एकल दिवसीय आनायक प्रचालन में प्रति घंटे की पकड (105 कि ग्रा) बहुदिवसीय आनायकों (68 कि ग्रा) की अपेक्षा अधिक थी।

गिल जाल यहाँ की और एक नियमित मात्स्यिकी थी। यंत्रीकृत और अयंत्रीकृत सेक्टरों में गिल जालों का नियमित अवतरण देखा गया था। उडीसा में 1986-87 के समय देशी नावों का मोटोरीकरण होने



चित्र-1 पुरी जिला में आनायजाल अवतरण

पर भी पुरी के अवतरणों में इसका प्रभाव वर्ष 1989 में ही अनुभव हुआ था। वर्ष 1991 से लेकर गिल जाल और काँटा डोरों के प्रयोग करने वाले मोटोरीकृत नावों में बढती की प्रवणता देखी गयी थी।

2002-06 की अवधि में गिल जालों में प्रति घंटे की पकड बढती की ओर थी। 1987-91 की अवधि की अपेक्षा पकड में दुगुनी वृद्धि होने पर भी, औसत मत्स्यन घंटों में आयी एक छोटी सी घटती के कारण प्रति घंटे की पकड में समान वृद्धि नहीं देखी गयी थी।



चित्र-2 पुरी जिला में गिलजाल अवतरण

काँटा डोर मात्स्यिकी (चित्र-3) में औसत पकड की अवस्था में घटती-बढती रहने पर भी प्रति घंटे की पकड ने 1992-96 की अवधि को छोडकर वृद्धि दिखायी। बाद में प्रति घंटे उच्च विदोहन दर के साथ पकड और एककों ने घटती की प्रवणता दर्शायी। परंपरागत सेक्टर में तट संपाश प्रचालन नियमित रूप से हो रहा था।

संपदाएं

शिंगटियाँ, क्रोकेर्स, करैंजिडंस, क्लूपिड्स फीतामीन, सारडीन्स, झींगे, सुरमइयाँ, सर्पमीन, पोम्फ्रेट्स प्रचुरता के क्रम में पुरी में उपलब्ध



चित्र-3 पुरी जिला में काँटा डोर अवतरण

संपदाएं हैं जिनमें झींगे, सुरमई, क्रोकेर्स, शिंगटियाँ, अन्य क्लूपिड्स, पोम्फ्रेट्स और करैंजिड्स वाणिज्यक महत्व रहनेवाली है। झींगों में *पेनिअस इन्डिकस*, *पी. जपोनिकस*, *पी. मेर्गनसिस*, *पी. मोनोडोन* और *पी. पेनिसिल्लाटस* उच्च मूल्य की होती है। वर्ष 2006 के दौरान झींगा मात्स्यिकी से प्राप्त कुल मूल्य का 75% *पी. पेनिसिल्लाटस* से प्राप्त हुआ था जिसका 50% योगदान पुरी जिला के कुल झींगा अवतरणों का था।

पुरी में पेनिआइड झींगों का 14 किस्म उपलब्ध हैं। कुल 1,444 टन में 716 टन *पेनिअस पेनिसिल्लाटस*, 176 टन *मेटापेनिओप्सिस स्ट्रिडुलन्स*, 126 *पारापेनिओप्सिस हार्डविकी* और 102 टन *मेटापेनिअस अफिनिस* थी। वर्ष 2006 के दौरान अवतरण की गयी विभिन्न पख एवं कवच मछलियों का विवरण अवतरण केंद्र में मूल्य के साथ नीचे की सारणी दिया जाता है।

पुरी में वर्ष 2006 के दौरान हुए अवतरणों में 60 पख मछली जातियाँ, लगभग 15 झींगा जातियों सहित 20 क्रस्टेशियन जातियाँ शामिल थीं।

सारणी-1

संपदाएं	जाति नाम	मौसमिक मूल्य रैंच (रु/कि.ग्रा)			
		जन-मार्च	अप्रैल-मई	जुलाई-सितंबर	अक्तू-दिसंबर
उपास्थिमीन					
सुरा	*कारकारीनम सोरास्फि*	15-40	20-40	20-40	15-30
	स्पाइरन लेविनी				15-20
शंकुश	*हिमान्टुरा ब्लीकेरी*				10-20
	एच. यूरानक	10-30	15-25	5-25	10-30
सर्पमीन	*आंग्विल्ला बाइकोलर बाइकोलर*	10-20	10-15	10-15	6-15
	म्यरिनोसोक्स सिनेरियस	20-40	15-40	20-40	20-40
शिंगटियाँ	*एरियस टेन्यस्पैनस*	10 -30	10-40	15-30	10-40
क्लूपिड्स					
वोल्फ हेरिंग	*काइरोसेन्ट्रस नूडस*	15-50	20-40	8-40	15-60
तारली	*सारडिनेल्ला लोंजिसेप्स*				15-25
अन्य तारलियाँ	*एस. फिम्ब्रियाटा*	10-25	20-40	30-40	15-40
	एस. गिब्बोसा	10-25			20-40
हिल्सा शैड	टेनुवलोसा इलिशा		150-300	60-250	70-200
अन्य शैड	*टेनुवलोसा टोली*	30-40			25-40
ऐंचोवियाँ					
सेटिपिन्ना	*सेटिपिन्ना टाटी*	10-30	6-40	5-30	8-30
स्टोलेफोरस	*स्टोलिफरस डेविसी*	8-30			10-30
थ्रिस्सा	*थ्रिस्सा मिस्टाक्स*	6-40	20-40		20-30
अन्य क्लूपिड्स	*इलीशा इलोंगेटा*	20-70	30-70	20-60	20-60
	आइ. मेलनोस्टोमा		30-50	30-80	
	राकोन्डा रस्सेलियाना	10-40	30-40	15-40	15-40
	अनोडोन्टोस्टोमा चाकुन्डा			15-20	
बम्बिल	हारपोडोन *नेहेरियस*			5-10	
हाफ-बीक और फुल बीक	*स्ट्रोंजिल्यूरा स्ट्रोंजिल्यूरा*	10-40	30-40	30-45	30-40
	हाइपोराहाफस लिम्बाटस				30-35
पेर्च					
रॉक कोड्स	*एपिनेफेलस क्लोरोस्टिग्मा*	20-60			15-40
स्नार्पर्स	*लुटजानस जोनी*	40-70	30-60	30-60	20-40
सूत्रपखब्रीम	*नेमिप्टीरस जापोनिकस*	10-20			10-20

संपदाएं	जाति नाम	मौसमिक मूल्य रैंच (रु/कि.ग्रा)			
		जन-मार्च	अप्रैल-मई	जुलाई-सितंबर	अक्तू-दिसंबर
अन्य पेर्च	*पोमाडासिस हास्टा*	40-80		60-80	30-60
	पी. माकुलेटस				20-30
	प्रियाकान्तस हामर				10-20
	ड्रीपेने पंक्टेटा	5-10	6-10	5-15	6-12
	कर्टस इन्डिकस		20-30		15-30
	सिल्लागो सिहामा	20-40	20-30		25-30
	टेरापोन जरबुवा	15-35	25-40		20-30
गोट फिश	*उपेनियस विट्टाट्टस*	10-35	8-30	10-30	10-30
सूत्रपख	*एल्यूटेरानिमा टेट्राडाक्टैलम*	25-50	20-40	30-60	20-60
	पोलिनेमस इन्डिकस	20-40	20-30		20-40
क्रोकेर्स	*जोनियस करूटा*	10-40	10-40	20-35	10-30
	जे. डसुमिरी	10-40	10-40	10-40	10-40
	कतला आक्सिसल्लारिस	20-40		20-35	
	निबिया माक्युलेटा				20-40
	ओटोलिथस रूबर	20-50	20-50	20-50	20-50
फीता मीन	*ट्राइक्यूरस लेप्टयूरस*	8-20	8-20	10-20	10-18
करैंजिड्स					
काट बांगडा	*मेगलास्पिस कोर्डियाला*	10-40	10-50	10-40	10-40
स्काड्स	*डेकाप्टरस रसेल्ली*	20-50	30-40	30-40	20-30
लेथर-जाकेट्स	*स्कोम्बेरोइड्स कर्मेसोनियानस*	10-40	10-50	15-50	10-40
अन्य करैंजिड्स	*राचिसेन्ट्रोन कनेडम*	10-25	15-20	10-20	
	करानगोइड्स आर्मेटस				25-35
	करांक्स इग्नोबिलिस	10-40	10-40	10-40	10-40
	सेलार क्रुमेनोफ्तालम्स	10-40			10-40
	कोरिफीना हिप्पूरस				10-15
मुल्लन	*लियोग्नाथस बिन्डस*	10-30		10-40	10-30
	सेक्यूटर इन्सिडियेटर	15-25			10-20
बिग-जॉव्ड जम्पर	*लाक्टेरियस लाक्टेरियस*	10-40	10-40	10-40	10-30
पोम्फ्रेट्स					
काला पोम्फ्रेट्स	*पारास्ट्रोमाटियस नाइगर*	40-70	30-80		
रजत पोम्फ्रेट्स	*पाम्पस अरजेन्टियस*	60-200	100-250	40-200	50-200
चीनी पोम्फ्रेट्स	*पाम्पस चैनेनसिस*			50-200	50-150
बाँगडा					
भारतीय बाँगडा	*रास्ट्रेल्लिगर कानागुर्टा*	10-40			20-40
सुरमइयाँ					
नारो-बार्ड स्पानिश	*स्कोम्बेरोमोरस कर्मेसन*	70-120	70-110		80-130
बाँगडा					
इन्डो-पसिफिक स्पानिश बाँगडा	*स्कोम्बेरोमोरस गट्टेट्टस*	25-80	30-70	25-70	30-70
टनीस					
छोटे ट्यूना	*यूथिनस अफिनिस*	20-40	20-30		10-20
बिल मछलियाँ	*इस्टियोफोरस प्लाटिप्टीरस*	10-15			10-15
बैराकुडा	*स्फिरना बैराकुडा*	10-40			
मल्लेट्स	*मुगिल सेफालस*	40-120	40-100		60-70
चपटी मछलियाँ					
सोल्स	*साइनोग्लोस्सस बैलिनियेटस*	3-15	6-15	5-15	5-12
क्रस्टेशियन					
पेनिआइड झींगे	*सोलेनोसिरा क्रासिकोरनिस*	20-40		40-80	30-60
	मेटापेनिस अफिनिस	60-200	100-200	80-160	70-300

संपदाएँ	जाति नाम	मौसमिक मूल्य रैंच (रु/कि.ग्रा)			
		जन-मार्च	अप्रैल-मई	जुलाई-सितंबर	अक्तू-दिसंबर
	एम. डोबसोनी	60-100	60-100	60-100	60-100
	एम. मोनोसिरोस	100-200			80-200
	एम. लाइसियानस्सा	40-80			
	मेटापेनिओप्सिस स्ट्रिडुलन्स	15-30	20-30	30-50	10-40
	पारापेनिओप्सिस हार्डविकी	30-50	30-50	40-60	30-60
	पी. स्टाइलिफेरा	30-50	30-50	40-60	40-60
	पारापेनिअस लोंजिपेस	15-20	20-25	10-30	10-30
	पेनिअस इन्डिकस	200-300	100-250	100-250	
	पी. जापोनिकस	150-250	150-250	150-200	150-250
	पी. पेनिसिल्लाटस	200-400		150-200	150-400
	पी. मेर्गुयेनसिस			180-300	200-350
	पी. मोनोडोन	250-750	250-600	250-550	300-600
नॉन-पेनिआइड झींगे	*असेटस इन्डिकस*				10-15
	नेमाटोपालिमोन टेनिपस	10-20	10-15		10-20
कर्कट	*पोर्ट्नस सांग्विनोलेन्टस*	8-30	10-30	10-40	10-30
स्टोमाटोपोड्स	*ओराटोस्क्विल्ला नेपा*	4-10	4-10	5-10	6-10
मोलस्मस					
शीर्षपाद	*सेपिया अक्युलेटा*	20-40	15-35	20-30	20-35
	लोलिगो डुओसेल्ली	10-20	10-15	10-15	10-20
विविध	*अन्टेन्नारियस हिस्पिडस*				

पी. मोनोडोन का प्रथम बिक्री मूल्य प्रति कि ग्रा 400-500/-, के रैंच में था और वर्ष 2006 के दौरान इस जाति से 64 करोड रु. से अधिक मूल्य प्राप्त हुआ (सारणी-2)। अवतरण केंद्र में *एम. डाबसोनी* का मूल्य साल भर प्रति कि ग्रा 80/- रु. में स्थिर रहा। *जोनियस डसुमिरी, ओटोलिथस रूबर* और *करांक्स इग्नोबिलिस* का मूल्य भी साल भर स्थिर रहा।

सारणी-2 वर्ष 2006 में झींगा अवतरण

जाति	अवतरण (कि ग्रा)			
	आनाय जाल	तलीय गिल जाल	गिल जाल	मूल्य (रु. लाखों में)
मेटापेनिअस अफिनिस	88,772	9,223	3,929	149.1
एम. डोबसोनी	87,111	0	491	70.1
एम. लाइसियानस्सा	280	0	0	0.2
एम. मोनोसिरोस	41,593	0	0	60.3
मेटापेनिओप्सिस स्ट्रिडुलन्स	175,857	0	0	49.5
पारापेनिओप्सिस हार्डविकी	126,348	0	0	55.3
पेनिअस इन्डिकस	9,015	0	0	18.0
पी. जापोनिकस	23,362	0	0	45.3
पारापेनिअस लोंगिपेस	37,532	0	0	7.5
पी. मेर्ग्विन्सिस	424	5,516	1,586	19.4
पी. मोनोडोन	12,378	2,170	0	64.6
पी. पेनिसिल्लाटस	16,299	700,136	0	1791.1
पी. स्टाइलिफेरा	31,505	0	0	14.2
सोलेनोसिरा क्रास्सिकोर्निस	66,794	0	0	30.1
अन्य	285	4,014	0	
कुल	717,555	721,059	6,006	2374.4

पी. मेर्ग्विन्सिस और *पी. पेनिसिल्लाटस* को प्रमुखतः तलीय गिल जालों द्वारा और बाकी सब को आनाय जालों में पकडे गये थे।

शिंगटियाँ, सर्पमीन, सुरा मछलियाँ, पेर्च, करैंजिड्स, सुरमई मछलियाँ और टनी मछलियाँ काँटा डोर पकड की प्रमुख संपदाएं थी। झींगा बिग जावड जम्पर, फीता मीन, क्रोकेर्स, क्लूपिड्स और शिंगटियों की पकड आनाय में उच्च थी। वोल्फ हेरिंग, ऐंचोवी, अन्य तारलियाँ, अन्य क्लूपिड्स, काट बाँगडा, पोम्फ्रेट्स, सुरमइ, मल्लेट्स और कर्कट अपवाही/ गिल जाल पकडों में विचारणीय मात्रा में पकडी जाती है।

विभिन्न मछलियों में *स्कोम्बेरोमोरस कर्मेसन, एस. गट्टाट्टस, इलीशा इलोंगेटा, आइ. मेलानोस्टोमा, लुटजानम जोनी, फोर्मियो नाइगर, पोमाडासिस हास्टा, एपिनेफेलस क्लोरोस्टिग्मा, पाम्पस आरजेन्टस, पी. चिनेन्सिस, मुगिल सेफालस, टेनुवालोसा इलीशा, एल्यूथेरोनेमा टेट्राडाक्टिलम, काइरोसेन्ट्रस नूडस* वाणिज्यिक प्रमुख है। पुरी जिला में उपलब्ध एकमात्र शिंगटी है *आरियस टेन्युस्पिनिस*।

घोर बर्षा और चक्रपात से यहाँ की मात्स्यिकी में रुकावट आता है। प्रायः सभी महीनों में नुवागढ़ के आनाय पकडों में *पारापेनिअस लोंजिपेस, मेटापेनिओप्सिस स्ट्रिडुलन्स* जैसे पेनिआइड झींगे और *नेमाटोपालिमोन टेन्युपेस* जैसे नॉन-पेनिआइड झींगे, और पोम्फ्रेटों के किशोर उपस्थित थे।

उत्तर केरल तट में *चाट्टोनेल्ला मरइना* का प्रस्फुटन और तटीय मात्स्यिकी पर इसका प्रभाव

जुगुनु आर. और वी. कृपा
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोचीन

उत्तर केरल में 2002 सितंबर के प्रथम हफ्ते में *चाट्टोनेल्ला मरइना* का विस्तृत एवं घना प्रस्फुटन देखा गया। यह प्रस्फुटन अनियमित वितरण के साथ कालिकट के कोनाडु से तलश्शेरी के निकट माही तक 50 कि मी दूर तक फैला हुआ था। काप्पाड तटरेखा से समुद्र की ओर 3 कि मी तक यह प्रस्फुटन पंकिल हरे रंग में दृश्यमान था। अन्य क्षेत्रों में छोटे छोटे खण्डों में प्रस्फुटन दिखाया पडा था।

प्रस्फुटन के प्रथम दिन पादपप्लवकों के विश्लेषण करने पर काप्पाड में *सी. मरइना* की 28×10^7 कोशिकाएँ ली $^{-1}$ पर उच्च सघनता देखी गयी। इसके अतिरिक्त कुछेक पादपप्लवकों की भी उच्च सघनता दिखायी पडी थी, जो हैं *कासिनोडिस्कस एस्टेरोम्फालस* 8×10^4 कोशिकाएं ली $^{-1}$, *प्लूरोसिग्मा नोरमानी* 2×10^4 कोशिकाएँ ली $^{-1}$ और *नोक्टिलूका सिग्मा* 4×10^4 कोशिकाएँ ली $^{-1}$। आठवाँ दिन होने पर *सी. मरइना* की सघनता 4234 कोशिकाएँ ली $^{-1}$ पर विचारणीय मात्रा में घट गयी। देखे गये अन्य पादपप्लवक जातियाँ थीं *सी.एस्टेरोम्फालस* (1312 कोशिकाएँ ली $^{-1}$), *पी. नोरमानी* (22 कोशिकाएँ ली $^{-1}$) और *एन. सिग्मा* (552 कोशिकाएं ली $^{-1}$। तीन हफ्ते के बाद उपद्रवकारी शैवाल की सघनता 2200 कोशिकाएँ ली $^{-1}$ में कम हो गयी जबकि *सी.एस्टेरोम्फालस* की सघनता 38,400 कोशिकाएँ ली $^{-1}$, *पी. नोरमानी* की 164 कोशिकाएँ ली $^{-1}$ और *नोक्टिलूका सिग्मा* की 235 कोशिकाएँ ली $^{-1}$ होकर बढ़ गयी।

काप्पाड की तुलना में कोनाडु में *सी. मरइना* की सघनता बहुत कम थी। प्रथम दिवस डयाटस *सी. एस्टेरोम्फालस*, सघनता 8100 कोशिकाएँ ली $^{-1}$ और *एन. सिग्मा*, सघनता 120 कोशिकाएँ ली $^{-1}$ के साथ 40,000 कोशिकाएँ 1^{-1} की सघनता पर *सी. मरइना* उपस्थित था। आठवाँ दिन को 2815 कोशिकाएँ ली $^{-1}$ पर उपद्रवकारी शैवाल की तीव्र घटती हुई, जबकि डयाटस *सी. एस्टेरोम्फालस* की सघनता 13,200 कोशिकाएँ ली $^{-1}$ पर बढ गयी। 1350 कोशिकाएँ ली $^{-1}$ की सघनता पर *पी. नोरमानी* और 5500 कोशिकाएँ ली $^{-1}$ पर *एन. सिग्मा* उपस्थित अन्य डयाटम थे। 22 वाँ दिन को *सी. मरइना* 480 कोशिकाएं ली $^{-1}$ की कम सघनता पर उपस्थित था। *सी. मरइना* की सघनता 45600 कोशिकाएँ ली $^{-1}$ पर, *पी. नोरमानी* की 1730 कोशिकाएं ली $^{-1}$ पर और *एन. सिग्मा* की 12,500 कोशिकाएँ ली $^{-1}$ पर बढ़ गयी।

चोम्बाला में पहले हफ्ते में *सी. मरइना* उपस्थित नहीं था। दूसरे हफ्ते होते ही *सी. मरइना* का प्रफुल्लन देखा गया और पादपप्लवक विश्लेषण से 1,70,000 कोशिकाएं ली $^{-1}$ पर इसकी उच्च सघनता व्यक्त हो गयी। उपद्रवकारी शैवाल *नोक्टिलूका सिन्टिलानस* को भी 100 कोशिकाएँ ली $^{-1}$ की सघनता पर यहाँ देखी गयी। 24700 कोशिकाएं ली -1 पर *सी.एस्टेरोम्फालस*, 2300 कोशिकाएँ 1^{-1} की सघनता पर *पी. नोरमानी* और 8100 कोशिकाएँ 1^{-1} की सघनता पर *एन. सिग्मा* उपस्थित अन्य शैवाल थे। 14 वाँ दिन किए गए विश्लेषण उपद्रवकारी शैवाल की सघनता 2990 कोशिकाएँ ली $^{-1}$ पर, *एन. सिन्टिलानस* की 60 कोशिकाएँ ली $^{-1}$ पर और *सी. एस्टेरोम्फालस* की 2800 कोशिकाएँ ली $^{-1}$ पर कम होती हुई दिखायी पडी। कम सघनताओं में *पी.नोरमानी* और *एन. सिग्मा* नमूने भी उपस्थित थे। 2003 सितंबर में प्रफुल्लन अत्यधिक तीव्र था बल्कि इसकी अवधि 5 दिनों में बहुत कम थी।

काप्पाड में प्रथम दिवस विलीन ऑक्सिजन का मूल्य 0.22 mg ली $^{-1}$ मूल्य पर निम्न था, जो 8 वाँ और 22 वाँ दिन को क्रमश: 1.66 और 1.86 mg ली $^{-1}$ में बढ़ गया था। प्रस्फुटन के दौरान चोम्बाला में विलीन ऑक्सिजन का मूल्य 1.92 mg ली $^{-1}$ पर बहुत कम था जो आगे बढ कर 3.52 mg हो गया।

कालिकट क्षेत्र में प्रचालित मत्स्यन यानों की पकड का अवतरण चोम्बाला और पुतियप्पा नामक दो प्रमुख पोताश्रयों में और तीन प्रमुख अवतरण केन्द्रों (कोयिलान्डी, तिक्कोडी और कुरियाडी) में और 12 छोटे अवतरण केन्द्रों (काप्पाड, एडक्कडवु, कावलाड, कोलोत, मूडाडी, मुत्ताया कडप्पुरम, वलविल कडप्पुरम, पय्योली, कोलवी, बडगरा, मडप्पल्ली और माही) में किया जाता है। आउट बोर्ड आनाय जाल (हस्तचालित आनाय), आउटबोर्ड ड्रिफ्ट जाल, आउटबोर्ड वलय संपाश, आउटबोर्ड गिलजाल और देशी क्राफ्ट द्वारा किए गए अवतरणों को इस अध्ययन के लिए उपयोग किया गया था। ये संभार साधारणतया तट से 55 कि मी तक के क्षेत्र में प्रचालन करने वाले हैं।

सी. मरइना के प्रस्फुटन के दौरान कालिकट तट की मात्स्यिकी प्रभावित होती हुई दिखायी पडी। सभी संभारों में पकड की कमी महसूस हुई। *सी. मरइना* के दीर्घकालिक प्रस्फुटन के दौरान कालिकट तट में उच्च ट्रोफिक मछलियों की प्रमुखता के साथ मात्स्यिकी की संरचना में एक परिवर्तन देखा गया। स्टोलेफोरस जातियाँ जो प्रमुखत: प्राणिप्लवक भरक थे, पूर्णतया अनुपस्थित थी, जिनमें *स्टोलेफोरस* जातियाँ, *थ्रिस्सा* और *लियोग्नाथस* आती हैं जो पकड में *कारांक्स* और

जेनियस जाति जैसी प्राणिप्लवक संभरकों पर आश्रित मछलियों की घटती में परिणत हुआ। लेकिन सर्वोच्च पोषणज स्तर की *यूथिनस, ट्राइक्यूरस, कारकारिनस, सौरिडा, स्कोलियोडोन, स्कोम्बेरोमोरस* और *सेपिया* जातियाँ जैसी परभक्षियों की पकड में वृद्धि उल्लेखनीय बात थी। आउट बोर्ड आनाय जाल में *साइनोग्लोस्सस, जोनियस, थ्रिस्सा* और *पी. स्टाइलिफेरा* की प्रतिदिन प्रति एकक की पकड ने विचारणीय विविधता (P<0.05) दिखायी, जबकि *एम. डोबसोनी* और *पेनिअस इन्डिकस* में इस प्रकार की (P<0.05) विविधता नहीं थी।

आउटबोर्ड ड्रिफ्ट जाल में प्रस्फुटन के दौरान *यूथिनस* जातियों का अवतरण विचारणीय तौर पर उच्च था और प प्र ए प्र में यह विविधता (P<0.05) स्पष्ट थी। प्रस्फुटन के दौरान तलमज्जी मछलियों में आनेवाली *एरियस, म्यूरेनोसोक्स प्रियाकान्थस, प्रिस्टिपोमोइड्स* जातियाँ और शंकुश *हिमान्तुरा* जातियाँ भी मात्स्यिकी में उपस्थित थीं। क्लूपिड *आल्बुला वलपेस* और ताड़मासा (सेल फिश) *इस्टियोफोरस* को प्रस्फुटन के पहले दिखायी पडी थी।

वर्गिकीय वैविद्यता अध्ययन ने *सी. मरइना* के प्रस्फुटन ने वाणिज्यिक पख मछलियों, क्रस्टेशियनों और मोलस्क समुदाय की संरचना में परिवर्तन व्यक्त किया। प्रस्फुटन के दौरान और इसके पहले जातियों की संख्या में विविधता नहीं होने पर भी मात्स्यिकी समुदाय की संरचना में विभिन्नता प्रकट थी। प्रस्फुटन देखे गये सितंबर, 2002 में कहने योग्य विविधताएं देखी गयी और प्रस्फुटन के बाद, अक्तूबर महीने में यह विविधता इससे भी अधिक थी। मात्स्यिकी में इस प्रस्फुटन का प्रभाव अस्थायी देखी गयी जो प्रस्फुटन घटने पर पूर्व स्थिति प्राप्त करती थी। लेकिन दीर्घकालीन प्रस्फुटन के वर्ष में मत्स्यन झुण्डों की अनुपस्थिति और कम प्रचुरता के कारण आर्थिक नष्ट उच्च था।

इस क्षेत्र में हरित शंबुओं की उच्च मृत्यु दर भी देखी गयी थी। इसके अतिरिक्त मछलियाँ, शंबु और मोल कर्कट *एमिरिटा* जाति भी अत्यधिक प्रभावित देखी गयी, जो 4-9-02 को काप्पाड पुलिन में बिखरे पडी थीं। 13-9-02 को चोम्बाला में द्विकापाटी *माक्ट्रा वयोलेसिआ* को सडी हुई अवस्था में तट पर पायी गयी थी।

वाइपीन तट में *चाट्टोनेल्ला मरइना* के प्रस्फुटन से पालित चिंगटों का व्यापक नाश

जुगुनु आर. और वी. कृपा
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोचीन

चाट्टोलेल्ला मरइना प्रस्फुटन जो कालिकट का नियमित प्रतिभास है, कोचीन में पहली बार वाइपीन के तटीय प्रदेशों में सितंबर, 2003 में देखा गया। यह प्रस्फुटन वाइपीन में पुतुवइपीन से मालिप्पुरम तक लगभग 3 कि मी दूर तक फैला पडा था। हरे-भूरे रंग का यह प्रस्फुटन तटीय जलक्षेत्रों और आस पास के प्रदेशों में अगस्त के दूसरे हफ्ते में दिखाया पडा था। तीसरे दिन तटीय क्षेत्रों से यह अप्रत्यक्ष होने पर भी निकट स्थित मछली तालाबों में महीने के अंत तक यह प्रफुल्लित स्थिति में रह गया। समुद्र में प्रस्फुटन देखे गये दिन (19-09-03) से अनुवर्ती महीने के अंत तक एकांतर दिनों में नमूनों का प्रतिचयन किया गया।

समुद्र से प्रथम और तीसरे दिन संग्रहित पादपप्लवकों में *सी. मरइना* प्रमुख थी और इसके बाद डयाटम *कोसिनोडिक्स* जाति प्रमुख बन गयी। पहले दिन के नमूने में *सी. मरइना* की संख्या 2,40,000 कोशिकाएं ली $^{-1}$ थी, जो तीसरे दिन 17,000 कोशिकाएं ली $^{-1}$ होकर कम हो गयी और आगे संग्रहित नमूनों में यह बिलकुल अनुपस्थित थी। *कोसिनोडिस्कस* जाति जो पहले दिन 98 कोशिकाएं ली $^{-1}$ थी, 23 वाँ दिन तक 137 कोशिकाएं ली $^{-1}$ की सघनता में बढ गयी। समुद्र की तुलना में खेत में इसकी सघनता उच्च थी। पहले दिन 4,68,000 कोशिकाएं ली $^{-1}$ में रही सघनता तीसरे दिन में घटकर 40,000 कोशिकाएं ली $^{-1}$ हो गयी। पाँचवां दिन यह फिर से 2,00,000 कोशिकाएं ली $^{-1}$ में बढ़ गयी। लेकिन तालाबों में इनका विलगित खण्ड दिखाए पडे थे, तीव्र प्रकाश पडे खण्डों में *सी. मरइना* अधिक संख्या में उपस्थित थी। सातवां दिन तक *पेरिडिनियम* जाति प्रमुख बन गयी, जिसकी सघनता प्रफुल्लन के 23वाँ दिन में 1400 कोशिकाएं ली $^{-1}$ पर बढ़ गयी थी।

प्रस्फुटन की अवस्था बनायी रखने में तापमान की विचारणीय भूमिका है। दोनों स्थानों के भौतिक-रसायनिक और जैविक प्राचलों के विश्लेषण के परिणाम सारणी में दिए गए हैं। समुद्र में पहले, तीसरे और पाँचवें दिनों में chl a, b, c और करोटिनोइड्स के मान उच्च थे जो chl a केलिए 55.9 और 73.7 mg m^{-3} के बीच chl b के लिए 0 और 23.8 mg m^{-3} के बीच और chl c के लिए 0 और 1.244 mg m^{-3} के बीच विविध होते हुए देखे गये थे। 7 वाँ, 9 वाँ और 23 वाँ दिनों मे chl a 1.1 से 7.89 mg m^{-3} के बीच विविध था। chl b 0.61 और 6.13 के बीच और chl c 0.36 और 0.381 के बीच और करोटिनोइड्स 0.019 और 0.14 mg m^{-3} के बीच विविध थे। प्रस्फुटन के दौरान खेत में वर्णक मान तुलनात्मक दृष्टि से उच्च था।

यह chl a के लिए 14 और 48, chl b के लिए 0 और 44.4 और chl c केलिए 3.6 और 16.5 और करोटिनोइड्स के लिए 0.07 और 1 mg m^{-3} में विविध था। प्रस्फुटन के तीसरे और तेइसवाँ दिनों में chl a का स्तर काफी उच्च था। प्रतिचयन के नवाँ दिन chl b और c 44.4 और 16.5 mg m^{-3} में उच्च था। chl a और करोटिनोइड्स 14.37 और 1.01 mg m^{-3} में कम थे।

पर्यावरणीय परिवर्तन

प्रस्फुटन के दौरान वायुमण्डलीय तापमान प्रथम दिन के निम्न मान 27°C से क्रमशः बढ़कर 23 वाँ दिन को 32°C में बन गया था। लेकिन आठवाँ दिन को 31.2 से 28.2°C में एक घटती दिखायी पडी थी। समुद्रोपरितल तापमान पाँचवाँ और सातवाँ दिनों में 27.3 और 26.2°C के कम मान को छोडकर शेष दिनों में 29°C में स्थिर देखा गया। समुद्र की तुलना में वायुमण्डलीय तापमान और समुद्रोपरितल तापमान निकटस्थ खेतों में उच्च था। इसके बाद तापमान क्रमशः कम होकर उच्च मान के 34°C से 26°C बन गया और समुद्रोपरितल तापमान 5 वाँ दिन के उच्च मान 35°C को छोड़कर, 33 से 30°C में कम हो गया। लवणता समुद्र में 30 और 35 पी पी टी के बीच और खेत में 25 और 27°C के बीच विविध थी। प्रस्फुटन के दौरान विलीन ऑक्सिजन 2.06 से बढ़कर 4.38 mgl^{-1} बन गया, जब पादपप्लवक समुदाय से शैवाल अनुपस्थित था। खेत में प्रस्फुटन की प्रारंभिक अवस्था में विलीन ऑक्सिजन स्तर 2.06 और 2.61 mgl^{-1} के बीच कम मान में देखा गया जो अंतिम अवस्था में 3.36 और 4.73 के बीच होते हुए दिखाया पड़ा।

समुद्र की तुलना में खेत में पोषकांश उच्च था। प्रथम दिवस क्रमशः 4.48 और 0.101 μmol l^{-1} के मान में नाइट्रेट और नाइट्राइट स्तर समुद्र में उच्च था। अनुवर्ती प्रतिचयनों में ये कम हो गये और नाइट्रेट का स्तर 0.05 से 0.84 के बीच और नाइट्राइट 0.08 से 0.1 μmol l^{-1} के बीच देखा गया। प्रथम दिवस अमोणिया का स्तर कम था जो बढ़कर पाँचवाँ दिन 2.57 μmol l^{-1} बन गया था और इसके बाद फिर से कम हो गया। प्रारंभ में कम मान पर रहे फोसफेट बढ़कर 1.55 और 1.77 के बीच के स्तर पर देखा गया और इसके बाद घटकर 0.8 μmol l^{-1} बन गया। खेत के पानी में नाइट्रेट का अंश विचारणीय तौर पर उच्च था, जो प्रथम दिन 71.84 μmol l^{-1} था। यह अनुवर्ती प्रतिचयनों में झट से गिरकर 0.15 और 0.082 μmol l^{-1} बन गया और इसके बाद थोडी सी वृद्धि दर्शायी। अनुवर्ती प्रतिचयनों में फोसफेट का मान 1.44 से बढती की प्रवणता दिखाकर 2.03 और 3.52 μmol l^{-1} के बीच देखा गया। अमोणिया प्रथम और तृतीयी दिनों में 1.56 और 1.42 μmol l^{-1} मूल्यों के साथ उच्च था और अनुवर्ती दिनों में 0.5 और 1.38 के बीच विविध देखा गया। प्रथम प्रतिचयन में नाइट्राइट का मान 0.157 μmol l^{-1} में कुछ उच्च था जो अनुवर्ती प्रतिचयनों में निम्न स्तरों में देखा गया।

प्रभाव

समुद्र जल का सीधा प्रवेश होने वाले वलप्पु, एलंकुन्नप्पुष़ा और नायरम्बलम गाँवों के चिंगट तालाबों में चिंगट और मछलियों की भारी मृत्युदर देखी गयी। समुद्र में प्रस्फुटन की स्थिति केवल तीन दिनों तक ही जारी रही, लेकिन ज्वारीय परिवर्तन के दौरान तटीय खेतों में प्रवेशित प्रस्फुटन दीर्घकाल तक जारी रहा जो झींगा और मछलियों की मृत्युदर में परिणत हो गया। *चानोस चानोस, मुगिल सेफालस* और

नारक्कल में *चाट्टोनेल्ला मरइना* के प्रस्फुटन के दौरान दिखायी पडी पर्यावरणीय प्राचल, कोशिका सघनता और विविधता

	दिन 1		दिन 3		दिन 6		दिन 8		दिन 10		दिन 23	
	समुद्र	खेत	समुद्र	खेत	समुद्र	खेत	समुद्र	खेत	समुद्र	खेत	समुद्र	खेत
वायुमंडलीय तापमान (° C)	27	34	29	30	30	31.2	31.2	30.2	28.2	29.3	32	26
समुद्रोपरितल तापमान (° C)	29	33	29	30	27.3	35	26.2	30.3	29	30.3	29	30
लवणता (पी पी टी)	30	26	30	26	35	25	31	27	33	26	34	26
विलीन ऑक्सिजन	2.06	2.61	2.12	2.4	2.28	2.06	3.68	4.73	4.12	3.36	4.38	3.88
पी एच	8.3	8.3	7.96	7.9	7.7	7.5	7.7	7.7	7.8	7.5	8.1	7.6
अमोणिया (μmol l^{-1})	0.05	1.56	0.00	1.42	2.57	0.50	0.51	0.78	0.32	1.38	0.24	0.65
नाइट्रेट (μmol l^{-1})	4.48	71.84	0.05	0.15	0.45	0.08	0.84	2.74	0.37	2.24	0.48	2.45
नाइट्राइट (μmol l^{-1})	0.10	0.16	0.08	0.06	0.08	0.09	0.08	0.07	0.11	0.07	0.09	0.11
फोसफेट (μmol l^{-1})	0.53	1.44	1.77	2.03	1.55	2.32	0.58	3.52	0.52	2.39	0.82	2.56
एन.पी.	8.7	51.1	0.1	0.8	2.0	0.3	2.4	1.1	1.5	1.5	1.0	1.3
टी एस एस	2.5	4	10.5	48.1	11.3	12.6	10.5	5.2	6.6	16.2	8.5	10.2
बी ओ डी	0.5	5.1	1.8	12.3	1.9	5.5	1.3	8.4	2.1	5.8	2.5	2.5
Chl *a* (mg/m^3)	55.94	24.67	64.8	5.4	73.7	13.98	1.1	17.38	2.73	14.34	7.89	40.4
Chl *b* (mg/m^3)	0	4.66	23.81	0	0	1.4	0.613	1.88	6.13	44.4	1.36	0.82
Chl *c* (mg/m^3)	9.33	4.98	21.58	4.33	5.89	4.88	0.358	3.62	3.81	16.55	1.41	13.1
करोटिनोइड्स (mg/m^3)	0	0.584	1.244	0.99	1.065	0.069	0.0193	0.44	0.115	1.013	0.142	0.92

एट्रोप्लस माक्युलाटस आदि मरी गई प्रमुख मछलियाँ थीं। प्रस्फुटन से 600 मि मी तक के आकारों की मछलियों के भारी नाश से मछली कृषकों को भारी आर्थिक नाश सहना पडा। *पेनिअस मोनोडोन*, *पी. इन्डिकस* जैसे पेनिआइड चिंगटों और *मेटापेनिअस डोबसोनी, एम. अफिनिस* जैसे नॉन-पेनिआइड चिंगटों की भारी मर्त्यता (>90%) देखी गयी। इस प्रस्फुटन के दौरान शिंगटियों की असाधारण पकड प्राप्त हुई थी। अधिक संख्या में दीख पडी शिंगटियाँ एक अव्यवस्थित स्थिति में थी, इसलिए आसानी से पकडा जा सका। मछलियों और जल नमूनों का परालिटिक और डयोरेटिक कवचों का मछली विषाक्तन के लिए सी आई एफ टी में विश्लेषण किया गया। माउस बयोअस्से ने लिपिड विलय आविष की उपस्थिति दर्शायी।

विषिंजम तट पर चिंगट, ट्राइक्यूरिड्स, बैलिस्टिड्स और अलंकारी मछलियों का असामान्य अवतरण

एम.के. अनिल, जास्मिन एस., राणी मेरी जोर्ज, जोस किंगस्ली, राजु. बी., उदयकुमार. ए और सुरेश के.के.
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का विषिंजम अनुसंधान केन्द्र, विषिंजम

तिरुवनन्तपुरम में विषिंजम से 2007 जून 22-24 के दौरान चिंगट और पख मछलियों का भारी अवतरण रिकार्ड की गयी। इस क्षेत्र में पंक तट जैसा प्रतिभास देखा गया था और जल बहुत ही आविल और तट के पास के जलक्षेत्रों में तरंग-क्रिया कम था। उत्प्रवाह के लक्षण, जैसे निम्न ऊपरीतल तापमान और विलीन ऑक्सिजन भी देखे गये थे। समुद्रोपरितल तापमान और ऊपरितल विलीन ऑक्सिजन 27-27.5^{o}C और 3.8-4.5 मि ली/ली के मानक मूल्य के आगे क्रमशः 23-24 ^{o}C और 3.02 मि ली/ली में विविध देखे गये। समुद्र जल की लवणता 31 पी पी टी थी। 1200 पोत संपाश और 300 डिस्को जालों (ट्रामल जाल) सहित लगभग 1500 मत्स्यन एककों का प्रचालन इस क्षेत्र से किया गया था। प्रचालन गहराई 10 से 50 मीटरों में विविध थी। मत्स्यन तल 15 कि मी तक विस्तृत था।

फेन्नरोपेनिअस इन्डिकस (200 टन) और *ट्राइक्यूरस लेप्ट्यूरस* (25 टन) का उच्च अवतरण 22 अगस्त को रिकार्ड की गयी और चपटी मछलियाँ, सिएनिड्स, स्कैड्स, गोट मछलियाँ 5 टन के योगदान के साथ पकड में उपस्थित थीं। आनायक और कोषसंपाशक पूर्णतया अनुपस्थित विषिंजम जैसे परंपरागत अवतरण केंद्र से इस अवधि में यह असामान्य पकड थी। 23 वीं. को पकड ने सामान्य प्रवणता दिखायी।

दिनांक 24 को पख मछलियों का भारी अवतरण देखा गया। इस में पोत संपाशों द्वारा योगदान उच्च था। फीतामीन *ट्राइक्यूरस लेप्ट्यूरस* (700 ट), बैलिस्टिड्स (20 ट), नेमिप्टीरिड्स (5 ट) और कलवा मछलियाँ (4 ट) पकड में प्रमुख थीं। बैलिस्टिड् अवतरणों में *सफ्लामेन फ्रीनाटस, ओडोनस नाइगर* और *अलूटेरा मोनोसिरोस* उपस्थित थीं। कलवा मछलियों के अवतरणों में *एपिनेफेलस मलबारिकस*, *ई. टॉविना*, *सेफालोफोलिस* जाति शामिल थीं। अवतरणों में उपस्थित अन्य मछलियों

फेन्नरोपेनिअस इन्डिकस की अच्छी पकड

ट्राइक्यूरस लेप्ट्यूरस अवतरण

अलूटेरा मोनोसिरोस पकड

नेमिप्टीरस पकड

क्रियाकलापों से व्यस्त विषिंजम अवतरण केंद्र

शीतित मछलियाँ परिवहन के लिए तैयार

(10 ट) में सिएनिड्स, *जोनियस* जातियाँ, *निबीया माक्युलाटा* और *ओटोलिथस* जाति, चपटी मछलियों में *साइनोग्लोसस* जातियाँ, *स्यूडोरोम्बस* जाति और *बोथस* जाति और जतुमीन *प्लाटाक्स* जाति, *डेकाप्टीरस रसेल्ली, सौरिडा* जाति *लाक्टारियस लाक्टारियस*, *सिल्लागो सिहामा, लुटजानस लुटजानस, एल. फावस, मेने माक्युलाटा, स्टोलेफोरस* जातियाँ, स्क्विड *लोलिगा डुओसेल्ली*, *डोरिट्यूथिस सिन्हालेनसिस* आदि के साथ कई प्रकार की समुद्री अलंकारी मछलियों के बड़े प्रौढ़ नमूने भी उपस्थित थे। यद्यपि कोंचुवला में (तलीय गिलजाल) *एफ. इन्डिकस* और *पारापेनिओप्सिस स्टाइलिफेरा* का अवतरण कम मात्रा में ही हुआ था।

तटीय बालूकूट और तट के निकटस्थ पारितंत्र में इसका महत्व

बिन्दु सुलोचनन, लक्ष्मण शंकर कोराबु और जे.आर. रामलिंगम
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मंडपम क्षेत्रीय केंद्र, मंडपम कैंप

तरह तरह के क्रियाकलापों केलिए बालूकूटों युक्त तटीय क्षेत्रों का मानव द्वारा उपयोग किया जाता है। बालूकूट अप्रत्यक्ष हो जाने से पर्यावरण में कई प्रकार के नुक्सान घटित हो जाता है जिसे जाने बिना इसका उपयोग किया जाता है। विकासीय कार्यों केलिए तटीय वनस्पतियों

का अव्यविस्थित कटाई और पुलिन बालू का अतिविदोहन तटीय क्षेत्रों के अपरदन में परिणत हुआ है। इसलिए बालूकूट ध्यानपूर्वक योजना एवं प्रबंधन अनिवार्य महत्वपूर्ण प्रणाली हैं।

विभिन्न स्थितियों के अधीन उगनेवाली तटीय वनस्पति विशेष प्रकृति की होती है। यह प्रमुखतः 4 प्रकार की होती हैः (1) समुद्री एल्गे या समुद्री शैवाल (2) समुद्री घास (3) मैंग्रोव और (4) बालूकूट वनस्पति। समुद्री एल्गे और समुद्री घास पूर्णतः जलीय है जब कि मैंग्रोव आंशिक रूप से जलीय पौधे है जो ज्वारीय प्रभाव युक्त अंतराज्वारीय क्षेत्र पसंद करने वाले है। लेकिन बालूकूट वनस्पति उच्चतम उच्च ज्वार स्तर के परे उगनेवाले एक अलग पौधा समुदाय है।

पुलिनों के आकार, प्रकृति, ढाल और अंतराज्वारीय क्षेत्र में अनावृतता विभिन्न होते है। पुलिन पदार्थ को साधारणतया 'बालु' कहते है। पुलिन बालु विभिन्न रंग के होते है जैसे गहरा भूरा, धूसर, काला, हल्का भूरा और अडलों (प्रवाल द्वीप वलय) और झब्बेदार प्रवाल भित्तियों में स्वर्णिम से रजत रंग के होते है। तरंग, ज्वार, धाराएं और वात पुलिन में पडनेवाले मुख्य प्रपातें हैं। तरंग में पुलिन में फैलनेवाला जल बालू स्तर को समुद्र की ओर ले जाता है और पुलिन स्थायी है तो बालू तट पर आ जाता है। लेकिन तरंग सक्रियता तीव्र बन जाते तो और पुलिन स्थायी नहीं है तो अपरदन हो जाता है, वैसे अनुप्रवाह क्षेत्र के जलीय समुदायों को क्षति पहुँचाता है। चित्र-1 पाक खाडी में स्थित रामेश्वरम द्वीप के तटीय वनस्पति का अनुक्रमण दिखाता है।

चित्र 1-रामेश्वरम द्वीप बालूकूट वनस्पति *प्रोसोपिस जूलिफ्लोरा*, समुद्री शैवाल और समुद्रीघास संस्तर

बालू स्त्रोत, परिवहन और निक्षेपण

तटीय क्षेत्रों के प्रमुख तलछट स्त्रोत है सरिता और नदियाँ जो

चित्र 2-शंखुमल में निर्जीव और बिखरे पडे प्रवाल और कवच

बालु का समुद्र में परिवहन करते हैं। शैलों और चट्टानों के क्रमिक अपक्षय से भी बालू रूपायित हो जाता है। कवच, प्रवाल और अन्य पदार्थों के अंश या टुकडे भी कुछ पुलिनों में तलछट के रूप में पाया जाता है जो शंखुमल पुलिन में दिखाया पडता है (चित्र 2)।

रामेश्वरम द्वीप में आडम्स पुल के पास कुंडुगल से अरिचुमुनै तक बालुकूट है जहाँ चलनशील छिछला जल भी है। यह क्षेत्र बालु से रूपायित पत्थर के ऊपर दिखाया पडता है। आडम्स पुल के दक्षिणी भाग में सेतुसमुद्रम कनाल के लिए बालू निकालते वक्त 0-5 मी. गहराई में बालू और इसके नीचे 18 मी. गहराई में बालू पत्थर देखा गया। वात में पडकर बालू कणिकाएं अन्तराज्वारीय से पश्च तट की ओर गति पाने से तट पर बालूकूट का रूपायन होता है। इस क्षेत्र में वात की रफ्तारी प्रति घंटे 9-22 कि.मी. है। तरंग, ज्वार एवं धाराएं भी तट और अपतट क्षेत्रों में बालू का परिवहन करते है। प्रचंड तूफानों में पुलिन में बालू अपरदन होता है। यह बालू अपतट क्षेत्रों में निमग्न बालूचर के रूप में निक्षेपित रहता है। शांत मौसम के दौरान कम प्रभाव शाली तरंग बालू को अपतट क्षेत्र से वापस पुलिन में ले जाता है जो तट रेखा के समांतर एक प्रतितट के रूप में रूपायित हो जाता है जो पुलिन के ऊपरी भाग में उच्च ज्वार के पहुँच के परे रूपायित हो जाता है। तूफान तरंगों से भी इस तरह के प्रतितट रूपायित हो जाते हैं।

पुलिन की चोटियों में तरंग क्रिया द्वारा बालू निक्षेपित होता है। ये क्रमशील प्रतितटों के रूप में रूपायित हो जा सकता है। पुलिन चोट्टियों पर पाये जानेवाले घास और अन्य वस्तुएं (उदाः मलवाएं) पुलिन से आनेवाले बालू को संचित करता है। हवा में परिवहित बालू से पुलिन की चोटी की चौडाई और ऊँचाई बढ जाती है।

हवा में परिवहित बालू से बालूकूट रूपायित हो जाता है। अग्र टिब्बा बालुई पुलिन के तुरंत पीछे निक्षेपित हो जाता है। शक्त अभितटीय वात में पुलिन मुख से सूखे बालू अपरदित हो जाता है। यह बालू पुलिन शीर्ष भाग में निक्षेपित होकर धीरे धीरे अग्र टिब्बा बन जाता है।

पुलिन के ऊपरी भाग में पेड-पौधे और अन्य वस्तुओं द्वारा वात परिवहित बालू का निक्षेपण होने वाले क्षेत्र में भी अग्र टिब्बा रूपायित हो जाता है। तटरेखा बढते जाने के अनुसार अग्रटिब्बाएं रूपायित होकर टिब्बा श्रृंखला रूपायित हो जा सकती है।

अंतराज्वारीय संस्तर असंख्य नितलस्थ जीवों का आवास गेह है। मछुए यहाँ खुदाई करके पॉलीकीटों को संग्रहित करते है और इसको समुद्री घास संस्तर के सूक्ष्म सिल्ट से मिलाकर छोटे छोटे गोल बनाकर मछली चारा के रूप में उपयोगित करते है (चित्र 3)। एक दिन के मत्स्यन के लिए ये लोग कम से कम एक किलोग्राम चारे का उपयोग

चित्र 3-चारा बनाने को पकडे गये पोलीकीट

करते हैं। समुद्री संवर्धन टैंकों में खाद्य के रूप में इसका उपयोग किया जाता है। तटीय बालूकूट वनस्पति द्वारा कितनी अच्छी तरह उपरिनद भूप्रदेश की सुरक्षा की जाती है। इस क्षेत्र की सुरक्षा भी उस प्रकार होगी। बालूकूट पौधों की वृद्धि कायिक और बीजों द्वारा होती है। विघटित भागों से अंकुरण साधारणतया देखा जाता है। बालूकूट पौधों के फल और बीज उच्च ताप की मिट्टी में एवं समुद्र जल में भी अंकुरणक्षमता के साथ रह सकते हैं। *स्पिनिफिक्स लिट्टोरेस* (चित्र 4) में पुष्पण विस्तृत क्षेत्र में विसरण के अनुकूल व्यवस्थित है।

पाकखाडी पर स्थित रामेश्वरम द्वीप और पाम्बन में 5-9 मी. की गहराई तक विस्तृत अंतराज्वरिय संस्तर में पाये जानेवाला समुद्री घास संस्तर अत्यन्त गतिशील और उर्वर पारितंत्र होते हुए असंख्य समुद्री



चित्र 4-*स्पिनिफिक्स लिट्टोरियस* पुष्पक्रम

जीवों का आवास गेह है। मंडपम के मुख्य भूमि, अधोनद और द्वीपीय क्षेत्र भी समुद्री घासों से समृद्ध है।

पर्यावरणीय घटक

बालूकूट वनस्पति के वितरण और बढती में बारिश, वायुताप, आर्द्रता, हवा की रफ्तार जैसे जलवायु संबंधी घटकों और बालू घटना, पी एच, खाद मिट्टी, मिट्टी ताप और धरातल नमी जैसे मृदीय घटकों का महत्वपूर्ण स्थान है। बालूकूट क्षेत्रों में होनेवाले वायुमंडलीय तापमान से बालुकूट तापमान तुरंत प्रभावित हो जाता है। शाद्वल क्षेत्र की तुलना में बंजर बालूकूट क्षेत्र में तापमान साधारणतया अधिक होता है। शाद्वल क्षेत्र की नमी और आर्द्रता इस क्षेत्र के ताप को कम कर देता है। उतावलापन दर और बारिश की अवधि बालूकूट समुदाय के लिए महत्वपूर्ण घटक है। ये बीजों के अंकुरण, जैव पदार्थों के अपघटन, बालूकूट पौधों की तेज़ बढती और बालूकूट क्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियाँ पैदा करती है। बारिश बालूकूट क्षेत्र के बालू के लिए अस्थायी बंधनकारी है और बालूकूट क्षेत्र के पेड पौधों का जीवन चक्र मानसून और मानसूनपूर्व मौसमों में पूरा हो जाता है। चक्रवात या तूफान वनस्पतियों को इधर-उधर बिखराकर बालूकूट की आकृति को ही परिवर्तित कर देता है। घोर वर्षा के समय बंजर बालूकूटों का तेज़ अपरदन होता है और अधोतल के समुद्री घास संस्तरों को ओढ लेता है (चित्र 5)। गरमी के मौसम में वातक्रिया द्वारा बालू अपरदन और तद्वारा बालूवात से निकट के तटीय क्षेत्र की आविलता बढ जाती है।

बालूकूट पेड पौधे विस्तृत राइज़ोडल मूल तंत्र के है जो बालू को बाँध रखने में सक्षम होता है, अतः बालू अपरदन रोक देता है। पौधों का कायिक भाग बालू के चालन को रोकता है या कम कर देता है जब तंतुमय राइजोइडल मूल बहुत ही महत्वपूर्ण शारीरिक और सहज कार्य

चित्र 5-निम्न ज्वार के समय पाम्बन पुल बालूकुट में दिखाए पडे समुद्रीघास संस्तर

निभाता है। इनके विशेष प्रकार के पुष्पक्रम, बीज और मांसल पत्ते जल की अपर्याप्तता का सामना करने के लिए सहायक होता है।

इस क्षेत्र की प्रमुख बालूकूट वनस्पति

बालूकूट क्षेत्र को अग्रगामी क्षेत्र, मध्य क्षेत्र और पिछला तट क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत किया गया है। अग्रगामी क्षेत्र समुद्र के बहुत निकट और पिछला भाग काफी दूर होता है। तोणितुरै में अग्रगामी क्षेत्र *इपोमिया पेस-काप्री* की प्रमुखता के साथ शाकीय विसर्पी (चित्र 6)

चित्र 6-तोणित्तुरै में *आइपोमिया पेस* - काप्रे का संस्तर

पौधे जैसे *साइपेरस आरेनारियस, स्पिनिफिक्स लिट्टोरियस* से ओढा हुआ है। 15-20 वर्षों पहले रामेश्वरम और मंडपम में *अकेशिया प्लान्टिफ्रोन्स, प्रोसोपिस जूलिफ्लोरा, कैश्युरीना, इक्विसेटीफोलिया* का बडे पैमाने में रोपण किया गया था। *थेसपेसिया पोपलनीया, अज़ाडिराक्टा इन्डिका, टामारिन्डस इन्डिका* और *प्रोसोरस इन्डिका* पहले यहाँ उपस्थित थे। नारियल और काजू का भी रोपण हाल में यहाँ किया गया है।

चित्र 7 -धनुष्कोडी में *कैशुरीना इक्विसेटिफोलिया*



चित्र 8-*साइमोडोसिया रोटन्डा*

चित्र 9 - *सिरिंगोडियम आइसोटिफोलियम* फूल के साथ



चित्र 10 - *हालोड्यूल पिनिफोलिया*

चित्र 11 - पुष्पित *हालोफिल्ला ओवालिस*

समुद्री घास जातियाँ

समुद्री घास स्थलियों की आवाज़ सम्मिश्रता प्राणियों की वैविद्यता और प्रचुरता बढाती है। समुद्री घास की उच्चतर प्राथमिक उत्पादकता दर की सहचारी मात्स्यिकी के उत्पादन के साथ गहरा संबंध है। ये पौधे असंख्य शाकाहारियों और अपरदाहरियों की खाद्य श्रृंखला का आधार है। रामेश्वरम द्वीप और मंडपम के चारों ओर पायी जाने वाली समुद्री घास जातियाँ हैं पोटामो टोनासिए - *साइमोडोसिए सेरुरुलाटा, साइमोडोसिए रोटन्डाटा* (चित्र 8) *सिरिनगोडियम आइसोएटिफोलियम* (चित्र 9), *हालोड्यूल यूनिनेर्विस* और *हालोड्यूल पिनिफोलिया* (चित्र 10) *हाइड्रोकारिटेसिया - एनहॉलस अक्कोरोइडेस, हालोफिल्ला ओवालिस* (चित्र 11), *हालेफिल्ला बेकारी, हालोफिल्ला डेसिपियेन्स* और *थालास्सिया हेम्प्रिक्की*।

निष्कर्ष

मानवीय हस्तक्षेप (उदा: कृषि, अपशिष्ट निपटान, इमारतों, सडक, पत्तन, दीवारों आदि का निर्माण) बालूकूट और इनके आवासों में तेज़ क्षति लाती है जिसका विपरीत प्रभाव समुद्री पारिस्थिति में पडता है। बालूकूट का नशीकरण या परिवर्तन प्राकृतिक भूभाग, बालूकूट पर आश्रित पेड पौधों, प्राणिजात, सूक्ष्मजीवों और तटीय वासियों के सामाजिक/सांस्कृतिक अथवा पारंपरिक पैतृकता को नष्ट कर देता है। इसलिए योजनाबद्ध उपायों और सख्त नीतियों द्वारा तटीय बालूकूट आवासों का अवक्षय रोकना और इसका स्थिरीकरण सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

चेन्नई में आनायकों द्वारा भारतीय स्क्वाड *डेकाप्टीरस रसेल्ली* (रूपेल 1830) का असाधारण भारी अवतरण

चेन्नई मात्स्यिकी पोताश्रय में 2006 दिसंबर 28, 29 और 30 वाँ तारीखों में बहुदिवसीय (3-4 दिनों के) आनायकों में 150-183 मि मी आकार और 30-40 ग्रा भार की *डी. रसेल्ली* का असाधारण सी भारी अवतरण देखा गया। कुल अवतरण क्रमशः 2.5 टन, 40.8 टन और 4.0 टन था।

एस. राजपाकियम, एस. मोहन, एन. रुद्रमूर्ती और एस. राजन
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मद्रास अनुसंधान केंद्र, मद्रास

चेन्नई मात्स्यिकी पोताश्रय में गभीर सागर बैंड फिश *एकान्थोसेफाला एब्रीसियेटा* (ब्लीकर) का अपूर्व अवतरण

वर्ष 2006 में सितंबर-नवंबर के दौरान चेन्नई मात्स्यिकी पोताश्रय में बहुदिवसीय आनायकों द्वारा गहरे जलक्षेत्र के बैंड मछली *एकान्थोसेफाला एब्रीसियेटा* की बहुत अधिकमात्रा में अवतरण किया गया। यहाँ बहुदिवसीय आनायकों का प्रचालन चेन्नई तट से 80-100 कि मी दूर उत्तर-पश्चिम दिशा में 40-60 मीटरों की गहराई में किया जाता है। दिनांक 7-9-2006, 7-10-2006 और 16-11-2006 को क्रमशः 620, 350 और 200 कि ग्रा का अवतरण किया गया था। इसके पहले भी चेन्नई के पनयूरकुप्पम में वर्ष 1987 में अगस्त-सितंबर के महीनों में *एकान्थोसेफाला* की अधिकमात्रा में अवतरण रिपोर्ट की गयी है।

मछुआरों ने बताया कि 7-9-2006 को "वन्डलत्तण्णी" कहलानेवाले जल प्रवाह के कारण समुद्र जल काले रंग के साथ मैला हो गया था। उस समय अन्य मछलियों के साथ लाल बेट और बैंड जैसी गभीर जल मछलियों को भी पकडा गया था। उसी दिन लगभग 80 कि ग्रा लाल बेट मछलियों का अवतरण भी किया गया था। बैंड मछलियों का आकार 230-239 मि मी की प्रमुखता के साथ 140-330 मि मी देखा गया। औसत 35.4 ग्रा के साथ मछलियों का भार 12-66 ग्रा के रैंच में था।

एस. राजपाकियम, एस. मोहन, पी. पूवण्णन और जी. श्रीनिवासन
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मद्रास अनुसंधान केन्द्र, चेन्नई

चेन्नई में गिल जाल द्वारा रिस्सोस डोल्फिन की पकड - एक रिपोर्ट

चेन्नई मात्स्यिकी पोताश्रय में दिनांक 9-6-2005 को एक यंत्रीकृत गिलजाल में ट्यूना और शंकुओं के साथ एक रिससोस डोल्फिन *ग्राम्पक ग्रीसेस* (जी. कुविर 1812) भी आकस्मिक वश फंस गया। इस गिल जाल का प्रचालन क्षेत्र मद्रास से लगभग 30-40 कि मी दूर था। 170 से मी की लंबाई और 60 कि ग्रा भार का यह एक नर डोल्फिन था।

एस. राजपाकियम, एस. मोहन और पी. शेल्वनिधि
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मद्रास अनुसंधान केंद्र, चेन्नई

रामनाथ तट में पवित्र प्रशंखों का श्रेणीकरण

वी. वेंकटेशन
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मंडपम क्षेत्रीय केन्द्र, मंडपम कैंप

रामनाथपुरम् तट की दो प्रशंख प्रमुखतः टरबिनेल्लिडे कुल की दो जातियों यानी *ज़ाकस पाइरम* वार अक्यूटा (स्थानीय नाम जादी) और *ज़ाकस पाइरम* वार *अब्ट्यूसा* (स्थानीय नाम पाट्टी) हैं।

1980 के वर्षों में प्रशंख मात्स्यिकी तमिलनाडु राज्य मात्स्यिकी

विभाग के अधीन में थी। प्रशंखों का श्रेणीकरण एक गेज द्वारा किया जाता था और प्रशंख का अधिकतम व्यास श्रेणीकरण का आधार था। गेज़ों के रूप में हस्तक सहित 17.8 से मी लंबा और 11.5 चौडा लकडी फलकों का उपयोग होता था जिनके मध्यभाग में पीतल से परिसीमित एक छिद्र था। इन गेजों को त्रिपादिकाओं पर रखते थे ताकि प्रत्येक कवच को छिद्र में लंबित रूप से रखा जा सकता था। दो तरह के गेजों का उपयोग किया जाता था। यदि प्रशंख बडे गेज (>75 मि.मी. एम एस डी) से होकर नहीं गया तो इसे प्रथम श्रेणी या पूर्णाकार का माना जाता था। यदि प्रशंख इससे होकर जाने पर भी छोटे गेज (64 मि मी एम एस डी) से नहीं गया तो इसे दूसरी श्रेणी या पूर्णाकार-II माना जाता था। छोटे गेज से होकर गए सभी प्रशंखों को कम आकार (<64 मि मी एम एस डी) के माना जाते थे और डुबकों को ऐसे उपरिपक्व प्रशंखों को तट पर लाने से निरुत्साहित किया गया और जीवंत प्रशंखों को समुद्र में छोड दिया गया (सारणी-1) कृमि -भक्षित प्रशंखों पर भी रोध लगा दिया गया था। तमिलनाडु प्रशंख मात्स्यिकी पर राज्य का एकाधिकार था, पूर्णाकार -I और II के मूल्य पर वर्षावर्ष राज्य द्वारा निर्णय लेत था और कुल प्रशंखों को पश्चिम बंगाल के हस्तशिल्प विकास निगम को बेच दिया जाता था।

सारणी-1

वर्ष 1980 के दौरान प्रशंखों का श्रेणीकरण और मूल्य

श्रेणी	रेज आकार	वर्ष 1980 प्रति प्रशंख मूल्य (अवतरण केन्द्र में)
क्लास-I	>85 mm MSD	3.50
क्लास-II	>75 mm to <85 mm	3.75
क्लास-III	>64 mm to 75 mm	--

वर्ष 1994-95 के दौरान तमिलनाडु सरकार ने प्रशंखों की पकड में हुई घटती एवं अन्य कई अन्य श्रेणियों के प्रस्तुतीकरण के कारण निमज्जकों को और नावों को लाइसेंस देने के सिवाय प्रशंखों पर उस समय तक रहे सारा नियंत्रण निकाल दिया।

अब भी श्रेणीकरण लकडी फलकों को गेज के रूप में उपयोग करके करते हैं, लेकिन इन में पीतल का छिद्र और त्रिपाद नहीं है।

बायें हाथ से लकडी फलक पकडकर दायें हाथ से कवचों को छिद्र से डालते है। कुछ स्थानों में अनुभवी लोग अपने हाथों को गेज के रूप में उपयोग करके प्रशंखों का श्रेणीकरण करते हैं। तट पर लाये जानेवाले कवचों को पकडे गये स्थान, संभार और बाहरी ओष्ठ के

सारणी-2 - वर्ष 2006 के दौरान शिंखी क्लै, शंखु माडी/निमज्जन और आनायक जल द्वार पकडे गए प्रशंखों का श्रेणीकरण और मूल्य श्रेणी।

गेज़	गेज़ का आकार	अवतरण केन्द्र में प्रतिप्रशंख मूल्य	कवच हस्त शिल्प उद्योग को बेचने का मूल्य (रु.)	रामनाडु/ रामेश्वरम में प्रशंख से उत्पन्न वस्तु का मूल्य (रु.)
'OO'-क्लास	>110	600-650 (450)	800-700 (500)	1650 और ऊपर
'O'* क्लास	95-110 (280)	500-550 (350)	600-650	900-1300
नं. 1	90-95	400 (220)	450 (300)	800-1000
नं. II	85-90	350 (170)	400 (200)	400-600
नं. III	80-85	200 (140)	300 (150)	300-600
नं. IV	75-80	150 (80)	200 (100)	200-400
नं. V	70-75	80 (30)	100 (50)	150-350
नं. VI	65-70	40 (20)	60 (30)	150-350
Air	60-65	20 (5)	30 (10)	100-270
Kula	50-60	5 (2)	10 (4)	60-200
Suthai	>50	...	1-1.50	75-125

आनायक द्वारा पकडे गए प्रशंखों का मूल्य कोष्ठक में दिया गया है।

आधार पर कई प्रकारों में वर्गीकृत किए जाते हैं। इनको मध्यवर्तियों को बेच देते हैं जो इनको हस्त शिल्प उद्योग या व्यापारियों को बेच देते है (सारणी-2)।

प्रशंखों को तलीय आनायकों और बोटम सेट गिल जालों में अधिक मात्रा में पकडे जाते हैं। ये पूरा जीवनकाल समद्री संस्तर में बिताने वाले होने के कारण अतिमत्स्यन में पड जाते हैं। आज के अचयनात्मक मात्स्यिकी में छोटे से लेकर परिपक्व तक के सभी आकार के प्रशंखों को पकडे जाते है। इसलिए छोटे प्रशंखों को बचाने के लिए श्रेणीकरण की पहली प्रणाली और भी लाना अनिवार्य है।

प्रकाशन समीक्षा

ग्रेस मात्यू
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोचीन

सी एम एफ आर आइ विशेष प्रकाशन सं. 95

शीर्षक : आन ऐटलस ऑन दि इलास्मोब्रांच फिशरी रिसोर्सस ऑफ इन्डिया

ग्रंथकार : एस.जी. राजे, एस. शिवकामी, जी. मोहनराज, पी.पी. मनोजकुमार, ए. राजु और के.के. जोशी

आइ एस एस एन : 0972-2351

प्रकाशन का वर्ष : 2007

पृष्ठों की संख्या : 253

उपास्थिमीन (इलास्मोब्रांचस) सागरी पारिस्थितिकी में बहुत ही महत्वावाली मछलियाँ हैं जो परभक्षिता से पारिस्थितिकी तंत्र की संतुलता बनायी रखती है। लेकिन इनमें से कुछ ऐसी हैं जो समुद्र की सभी मछलियों को खा जाती हैं। इसका सामना करने के लिए समाधान प्रकृति ने ही ढूंढ निकाला है कि इन में कई को दीर्घायु की, धीरे धीरे बढने वाली और देरी से उत्पादनकरने वाली, बनायी है, अतः प्रकृति में इनकी संख्या ज्यादा न बढ़ जाने का नियम प्रकृति ने ही बनाया है। इनकी इस जीवन प्रकृति ने इनको सुरा पख, जिगर, काटिलेज आदि के लिए उच्च माँग के फलस्वरूप हुए मत्स्यन दबाव सहने में असमर्थ बना दिया है। सुराएं प्रमुखतः सागरी होती हैं जो सागरों के बीच और राष्ट्रीय सीमाओं के बीच चलती रहती है। प्रकृति में इनकी अतिदारुण घटती के परिदृश्य में इन्टर नैशनल यूनियन फोर कनसेरवेशन ऑफ नेचर (आइ यू सी एन) ने कई सुरा जातियों को लाल सूची में जगह दी। एन्टलान्टिक और पसफिक सागरों के सीमाओं में स्थित कई देश सुरा उत्पादों के विपणन में विनियम उपायों का कडु पालन करते समय भारत में उपास्थिमीन संपदाओं का अतिविदोहन हो रहा है। कुछ जातियों को छोडकर विदोहित जातियों के आकार मिश्रण और संपदा अभिलक्षण संबन्धी जैविक सूचना बहुत कम है। इस संदर्भ में ही वर्तमान प्रकाशन "आन एटलस ऑन दि इलास्मोब्रांच फिशरी रिसोर्सस ऑफ इन्डिया" विशेष महत्व का बन जाता है। इस प्रासंगिक प्रकाशन में ग्रंथकारों ने मात्स्यिकी अभिलक्षणों, जीव संख्या अभिलक्षणों एवं भारत में उपलब्ध अधिकतम उपास्थिमीनों के जैविक अभिलक्षणों एवं जीवसंख्या सभी संभाव्य स्रोतों से ग्रंथकारों के शब्दों में "जाति प्रोफाइल, क्षेत्र पहचान अभिलक्षणों, वर्गीकरणात्मक स्थितियों, वैश्विक वितरण, उपस्थिति गहराई, जैविक प्राचल, वर्तमान उपभोग और खतरे में पडी/रोध स्थितियों संबंधी सूचनाएं पिछली रचनाओं से, एफ ए ओ Fishbase.org और ग्रंथकारों के वर्तमान निरीक्षणों से संग्रहित किए गए थे"।

इस एटलस में 47 सुरा जातियों सहित 84 उपास्थिमीन जातियों, 29 शंकुश जातियों, 8 सेक्ट जातियों और 4 आरा मछलियों का विवरण चित्र/आरेख सहित दिया गया है। प्रत्येक जाति के सहनाम के साथ क्षेत्र पहचान अभिलक्षण पर दिया गया विवरण इस क्षेत्र में काम करने वाले अनुसंधेताओं के लिए बहुत उपयोगी होगा। तटवर्ती क्षेत्रों में एवं 200 मी से अधिक गहराई के क्षेत्रों में इस संपदा की प्रचुरता पर मानचित्रों के साथ जो वर्णन इस प्रकाशन में दिया गया है, हमारे तटों पर इसकी प्रचुरता पर प्रकाश डालने वाला है। इस ऐटलस में भारत की उपास्थिमीन मात्स्यिकी पर दी गयी सूचना अनुसंधेताओं और विद्यार्थियों के लिए ही नहीं बल्कि नीति निर्माताओं के लिए भी एक संदर्भ पुस्तिका की भूमिका प्रदान करेगी।